# ST. FRANCIS' INTER COLLEGE

## संत फ्रांसिस इण्टर कॉलेज

निकट पोलिस स्टेशन, रायबरेली रोड, निगोहाँ, लखनऊ - 226302

Estd. : 1967

Newsletter

Vol. : 2




## प्रधानाचार्य का संदेश

**"शिक्षा केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं है, यह चरित्र निर्माण और जीवन को दिशा देने की प्रक्रिया है, सच्ची शिक्षा वह है, जो हमें सोचने की स्वतंत्रता और सही निर्णय लेने की समझ दे।"**



मेरे प्यारे विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकगण,

संत फ्रांसिस असिसी विद्यालय की वार्षिक पत्रिका के इस अंक के माध्यम से आप सभी से संवाद करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

विद्यालय शिक्षा का केवल एक स्थान ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, अनुशासन, सेवा और समर्पण के बीच बोने का स्थल होता है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक रूप से सक्षम बनाना है, बल्कि उन्हें एक अच्छा इंसान, जागरूक नागरिक और करुणामय हृदय वाला व्यक्ति बनाना भी है।

हमारा विद्यालय सदैव समग्र विकास को प्राथमिकता देता है – जहाँ शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ–साथ नैतिक मूल्यों, संस्कारों और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी समावेश हो। मुझे गर्व है कि हमारे विद्यार्थी शिक्षा, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और समाज सेवा सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

मैं इस पत्रिका के निर्माण में योगदान देने वाले सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और विशेष रूप से संपादकीय टीम को हार्दिक बधाई और धन्यवाद देता हूँ। आप सभी की रचनाएँ न केवल आपकी सोच को दर्शाती हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेंगी। आशा है कि यह पत्रिका पाठकों को प्रेरणा और आनंद दोनों प्रदान करेगी।

ईश्वर से प्रार्थना है कि वह आप सभी को ज्ञान, विवेक और सेवा की भावना से परिपूर्ण रखे।

सप्रेम आशीर्वाद सहित,

फा. विजय क्रास्टा
**प्रधानाचार्या**

## मुख्य अध्यापिका की कलम से

"शिक्षा एक ऐसा हथियार है जो दुनिया को बदल सकता है।" नेल्सन मंडेला



मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है कि संत फ्रांसिस इण्टर कॉलेज, इस चुनौती भरे युग में छात्रों को ज्ञान और उचित मार्गदर्शन से परिपूर्ण कर रहा है। जो इन्हें तार्किक ढंग से सोचने और निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करता है। छात्रों को हम ऐसा नागरिक बनाने के लिए प्रयासरत है, जिनमें दृढ़ता, आत्मविश्वास, मजबूत इच्छाशक्ति और दक्षता के गुण विकसित हो। छात्रों का नैतिक, बौद्धिक, शारीरिक एवं मानसिक विकास भी शिक्षा के द्वारा ही होता है। शिक्षा से मनुष्य चरमोत्कर्ष शिखर पर पहुँच जाता है, इसलिए शिक्षा सभी के लिए अति आवश्यक है।

मैं अपने प्रधानाचार्य, शिक्षको, अभिभावकों एवं शुभ–चिन्तको को विद्यालय से जुड़ी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में उनके सहयोगात्मक दृष्टिकोण, उत्साहवर्धक सहभागिता तथा समर्पित सेवाभाव के लिए आभार व्यक्त करती हूँ। यह उनके कठोर परिश्रम, लगन तथा समर्पण का परिणाम है कि आज विद्यालय कई स्तरो में अग्रणी है।

सिस्टर सोसन कुजूर
**मुख्य अध्यापिका**

## संपादकीय

**"समय और शिक्षा का सदुपयोग मनुष्य को सदैव सफलता की ऊँचाईयों पर ले जाता है।"**

"समय और शिक्षा का सदुपयोग मनुष्य को सदैव सफलता की ऊँचाईयों पर ले जाता है।"

प्रिय पाठकों एवं विद्यार्थियों,

मुझे आशा ही नहीं वरन् पूर्ण विश्वास है कि आप सभी स्वस्थ तथा प्रसन्न होंगे। विगत शैक्षणिक वर्ष की भाँति ही संत फ्रांसिस इण्टर कॉलेज इस शैक्षणिक वर्ष (2025–26) में भी अपनी वार्षिक गतिविधि पत्रिका आपके सम्मुख प्रस्तुत कर रहा है। इस पत्रिका का उद्देश्य विद्यालय में विभिन्न क्लब, हाउस तथा विद्यार्थियों द्वारा वर्ष में परिपूर्ण किए गए विभिन्न घटनाक्रमों एवं क्रियाकलापों से आप सभी को अवगत कराया जा सके।

यह पत्रिका अपने–आप में बालमन की रचनाशीलता तथा ज्ञानात्मक दर्शन का प्रतिबिम्ब है। इस पत्रिका को पूर्ण करने तथा मार्गदर्शन करने हेतु मैं प्रबंध–तंत्र, प्रधानाचार्य, मुख्य अध्यापिका, साथी शिक्षकगण, विद्यालय कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा समस्त शुभचिंतको को हृदय से आभार प्रकट करता हूँ। समस्त विद्यालय परिवार तथा प्रबंध–तंत्र भविष्य में भी आपके प्रेम और सहयोग का आकांक्षी रहेगा।

हार्दिक शुभेच्छा के साथ ...................।

**श्रीमती प्रीति तिवारी, श्री दुर्गाकान्त मिश्र**

**रिचा रावत (छात्र संपादक), यशवर्धन राय (छात्र संपादक)**



## विदाई समारोह




दिनांक 22.03.25 को विद्यालय मुख्य अध्यापिका सि. फ्लासी डिसूजा का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। सि. फ्लासी ने वर्ष 2010–2025 तक अनवरत् रूप से अपनी सेवाएँ विद्यालय को प्रदान की। अध्यापन के साथ–साथ सिस्टर ने प्रशासनिक कार्यो में भी अपना सहयोग प्रदान किया। समस्त विद्यालय परिवार तथा प्रबंध तंत्र आपके कुशल जीवन की कामना करता है।

## स्वागत समारोह



दिनांक 01.04.25 को विद्यालय की नवनियुक्त मुख्य अध्यापिका सि. सूसन कुजूर ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस विद्यालय में आने से पूर्व आपने आनंद भवन, बाराबंकी में अपनी सेवाएँ प्रदान की।

समस्त विद्यालय परिवार तथा प्रबंध तंत्र इस विद्यालय परिवार में आपका हार्दिक अभिनंदन करता है।

# क्लब रिपोर्ट्स





## ईको क्लब (Eco Club)



विद्यालय में ईको क्लब का गठन तथा गतिविधियाँ पर्यावरण जागरूकता की दिशा में कार्यरत् है। इस वर्ष ईको क्लब के शिक्षक सदस्यों के पर्यवेक्षण में 3 अगस्त 2024 को नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था।

2 अक्टूबर 2024 को स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत विद्यालय के बाह्य प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता तथा व्यावहारिक ज्ञान एवं अनुभव प्रदान करना है।

## गणित क्लब (Maths Club)




इस वर्ष गणित क्लब द्वारा प्राथमिक स्तर पर गणित विषय में रूचि उत्पन्न करने के लिए छात्र एवं छात्राओं द्वारा 23 दिसम्बर 2024 को एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गणित की विभिन्न आकृतियों के प्रति सजग करना था।

इस कार्यक्रम में गणित की विभिन्न आकृतियों को चित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया तथा नृत्य के माध्यम से गणित विषय में इन आकृतियों की उपयोगिता तथा दैनिक महत्व को बताया गया।



## विज्ञान क्लब (Science Club)





सत्र 2024–25 में विज्ञान क्लब द्वारा विद्यार्थियों को सामाजिक जीवन में दैनिक क्रियाकलापों के अन्तर्गत होने वाली घटनाओं के विषय में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रेरित किया गया। इस नाटक का उद्देश्य उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं सामाजिक चातुर्य का विकास करना है।

नुक्कड़ नाटक का संदेश विद्यार्थियों को पाखंड एवं समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों जैसे जादू–टोना, तंत्र–मंत्र आदि से सतर्क कराना भी था।



## English Club



In the educational year 2024-25 an English Club was established in the school. The aim of this club is to create comprehensive understanding and interest in the English language among students.

On 14 Feb 25, the members of this club performed a play which was based on 'Parts of Speech' and an action song and dance which was based daily use sentences.




## हिन्दी क्लब





शैक्षणिक सत्र 2024–25 में हिन्दी क्लब द्वारा हिन्दी दिवस (14 सितम्बर) के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. प्रणव मिश्रा को आमंत्रित किया गया। इनके द्वारा विद्यार्थियों का हिन्दी भाषा से सम्बंधित अनेक जानकारियाँ दी गयी।

हिन्दी भाषा तथा व्याकरण को लेकर बच्चों में जो भी भ्रान्तियाँ रहती है उनका निवारण करके बच्चों का मार्गदर्शन कराना ही इस क्लब का मुख्य उद्देश्य है।

# विभिन्न पाठ्योत्तर गतिविधियाँ

## खेल-कूद



विद्यालय में खेलों का आयोजन शरीरिक स्वास्थ्य, नेतृत्व, अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास जैसे गुणों का विकास करता है। सत्र 2024–25 में विद्यालय के विभिन्न विद्यार्थियों ने कई जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग किया तथा कई पुरस्कार प्राप्त किए।

- 19.10.24 को जिलास्तरीय योग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 3 स्वर्ण, 6 रजत तथा 6 कांस्य तथा प्रमाण–पत्र प्राप्त किए।
- 16.03.25 को अयोध्या में आयोजित सब जूनियर जनपदीय अण्डर–14 खो–खो प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।
- 02.08.24 को संत फ्रांसिस, हजरतगंज, लखनऊ में आयोजित सीनियर बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया।
- 25.10.24 को सीनियर बालिका वर्ग की टीम ने मोनफोर्ट, महानगर में आयोजित खो–खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।



## पाठ्योत्तर गतिविधि





सत्र 2024–25 में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समय–समय पर विभिन्न क्रियात्मक क्रियाकलापों का आयोजन किया गया। इन क्रियाकलापों को प्राइमरी, जूनियर तथा सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। इन क्रियाकलापों में चित्रकला, रंगो को भरना, निबंध लेखन, कहानी लेखन, गायन, कविता वाचन, महापुरुषों के जन्म दिवस पर आधारित क्रियाकलाप, विभिन्न पर्वों का आयोजन, नाटक मंचन, विचार प्रस्तुतीकरण आदि प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया।

विजय प्रतिभागियो को प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार के साथ–साथ प्रमाण–पत्र भी वितरित किए गए।




## सांस्कृतिक गतिविधि

सत्र 2024–25 में विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ एवं कार्यक्रम पूर्ण किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, नवीनता, सृजनात्मकता, राष्ट्रीय तथा सामाजिक मूल्यों का विकास करना था। इन गतिविधियों में मुख्य रूप से छात्र प्रतिनिधि मण्डल का गठन, श्रमिक दिवस, प्रेस फ्रीडम डे, मातृ दिवस, स्वतंत्रता दिवस, शिक्षक दिवस, गाँधी जयंती, असीसी दिवस, दीपावली, बाल दिवस, क्रिसमस, गणतंत्र दिवस तथा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इन कार्यक्रमों में अभिभावक, पूर्व विद्यार्थियों तथा आम जनमानस का भरपूर प्रेम और सहयोग प्राप्त हुआ।



## वार्षिक खेलकूद तथा पी.टी. डिसप्ले





दिनांक 23.11.24 को विद्यालय में वार्षिक खेलकूद तथा पी.टी. डिसप्ले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अभिभावक, पूर्व छात्र, सेवानिवृत्त शिक्षक, पत्रकार, पुलिस, प्रशासन, अन्तर्विद्यालय छात्र एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

इस पी.टी. डिसप्ले में प्रमुख रूप से छात्र–छात्राओं द्वारा रिंग पी. टी., डम्बल पी.टी., लेजिम पी.टी., अम्ब्रेला पी.टी., जुम्बा पी.टी. आदि का प्रदर्शन किया गया। साथ ही साथ अन्तर्विद्यालयी रिले रेस में पाँच विद्यालयों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें बालक तथा बालिका दोनों वर्गों में संत फ्रांसिस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



## स्काउट तथा गाइड





विद्यालय में भारत स्काउट और गाइड की स्थापना का उद्देश्य बच्चों को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है।

विद्यालय प्रांगण में स्काउट तथा गाइड गतिविधि में 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 08.05.24 से 12.05.24 तक किया गया। इस शिविर में स्काउट्स को प्राथमिक चिकित्सा, समूह कार्य टेंट लगाना और सामाजिक सेवा के विषय में बताया गया।

# हाउस रिपोर्ट्स






## नेहरू हाउस

सत्र 2024–25 में सभी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न खेलों तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

जिसके अन्तर्गत फुटबॉल, खो–खो वॉलीबॉल, थ्रोबॉल, रिले रेस तथा विभिन्न स्तर की रेस का आयोजन किया गया। साथ ही कोलॉज निर्माण, नृत्य प्रतियोगिता, युगल गायन प्रतियोगिता तथा स्वच्छ भारत आलेखन आदि प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी।

नेहरू हाउस के विभिन्न वर्गों (प्राइमरी, जूनियर, सीनियर) ने उत्कृष्ट तथा प्रशंसनीय योगदान तथा प्रदर्शन करते हुए 179 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



## सुभाष हाउस






सत्र 2024–25 में सुभाष हाउस ने खेल–कूद तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में अपना योगदान दिया तथा खेल–कूद में खो–खो सीनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान तथा सब जूनियर बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल सीनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मी. रेस में जूनियर बालक वर्ग में प्रथम, कोलॉज मेकिंग में प्रथम स्थान तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



## गाँधी हाउस



सत्र 2024–25 में सम्पूर्ण शैक्षणिक कार्य दिवसो में विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन हुआ। जिसके अन्तर्गत खो–खो, फुटबॉल, वॉलीबाल, थ्रोबॉल, एथलेटिक्स आदि का आयोजन किया गया। समस्त प्रतियोगिताएँ सब–जूनियर, जूनियर तथा सीनियर बालक तथा बालिका वर्ग के लिए आयोजित की गयी।

गाँधी हाउस ने विभिन्न वर्गों में प्रशंसनीय योगदान देते हुए 154 अंक प्राप्त किए तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।







## तिलक हाउस



शैक्षणिक वर्ष 2024–25 में तिलक हाउस ने विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक, पाठ्योत्तर तथा खेल सम्बंधी गतिविधियों में प्रतिभाग किया। विद्यालय द्वारा आयोजित कोलॉज मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओ में तिलक हाउस ने प्रतिभाग किया।

सब–जूनियर, जूनियर तथा सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग करते हुए 197 अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा सत्र 2024–25 में तिलक हाउस को चौंपियन ट्रॉफी प्रदान की गयी।

## अमिट छाप (श्रद्धांजलि)







दिनांक 06.10.24 को विद्यालय परिवार ने एक होनहार तथा मेधावी सदस्य उत्कर्ष रावत को एक असमायिक दुर्घटना में खो दिया। उत्कर्ष अत्यन्त ही मेधावी तथा प्रतिभाशील छात्र था। उसके निधन से समस्त विद्यालय परिवार तथा कक्षा प्ट के उसके समस्त सहपाठी स्तब्ध रह गये।

हम सभी उस परमपिता परमेश्वर से यही प्रार्थना करते है कि मृतात्मा को शांति तथा अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करे।

## Our Toppers Class - XII


1 — AYUSSHI TRIVEDI 84.20%


2 — AYUSHI TRIVEDI 82.80%


3 — SHIVAM RAWAT 81.20%


4 — SIMRAN BHARTI 78.60%


5 — SADHNA YADAV 78.20%


6 — PRATIK CHANDRA 77.80%


7 — KASHISH MISHRA 77.20%


8 — ANUPRIYA SHUKLA 76.60%


9 — ANSHIKA PRAJAPATI 76.00%


10 — MISHEL MISHRA 74.80%

## Our Toppers Class - X


1 — ANGEL GUPTA 81.50%


2 — ARYAN SHUKLA 56.50%


3 — SHAGUN PANDEY 63.0%


4 — AKASH YADAV 82.33%


5 — ADITYA 71.66%


6 — ADARSH CHAURASIYA 68.33%


7 — MILI 82.83%


8 — SHAGUN JAISWAL 83.00%


9 — ASHRITA TRIPATHI 54.33%


10 — ABHINAV KUMAR 64.00%


11 — ANSHIKA SONI 81.16%

# नन्हें कदम - एक नई शुरूआत

शैक्षणिक वर्ष 2024–25 में विद्यालय परिवार में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु कुछ नवीन शैक्षिक तथा क्रियात्मक परिवेश को समाहित किया गया है। इनका उद्देश्य छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ–साथ अन्य विधाओं में भी निपुण बनाना है।

1. **ताईक्वाण्डो** - छात्रों को आत्मरक्षा तथा मानसिक रूप से निपुण करते हुए उन्हें दैनिक जीवन में आने वाली चुनौतियों हेतु तैयार करने के उद्देश्य से विद्यालय में ताईक्वाण्डो की कक्षाएँ भी प्रारम्भ की गयी।



2. **योग** - यूनियर तथा सीनियर वर्ग की भाँति प्राइमरी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए योग को अनिवार्य रूप से विद्यालय दिनचर्या में शामिल किया गया। योग के माध्यम से प्राइमरी वर्ग के विद्यार्थियों को शारीरिक तथा मानसिक रूप से गतिशीलता प्रदान करना विद्यालय का ध्येय है।



3. **नृत्य तथा संगीत** - प्राइमरी तथा जूनियर स्तर के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में नृत्य तथा संगीत की कक्षाओं का संचालन प्रारम्भ किया।



4. **डिजिटल टीचिंग** - विद्यार्थियों के लिए अध्ययन को सुगम तथा रूचिकर बनाने के लिए डिजिटल कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विषय–वस्तु को अधिक सरलता तथा रोचकता के साथ प्रदान करना तथा अध्ययन को अधिक तार्किक और सरल बनाना है।



5. **गणित प्रयोगशाला** - विद्यालय में गणित प्रयोगशाला का निर्माण तथा उसका संचालन, विद्यार्थियों में गणित के प्रति उत्पन्न भय को दूर करने तथा गणित के प्रति सकारात्मक द्रष्टिकोण उत्पन्न करने के लिए किया गया।

6. **नवीन प्राइमरी भवन** - प्राइमरी के विद्यार्थियों के लिए नवीन प्राइमरी भवन की स्थापना की गयी। इस भवन में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएँ संचालित की जा रही है। इस भवन के कक्षो को विभिन्न आकृतियों तथा संरचनाओ से सुसज्जित किया गया है।



## हमारे मार्गदर्शक




## समाचार-पत्रों में स्थान

### संत फ्रांसिस की स्काउट गाइड टीम ने बांटा प्रसाद



■ NBT न्यूज, निगोहां: निगोहां कस्बे में स्थित आरजी होटल ने शनिवार को भंडारे का आयोजन किया। इसमें कस्बे के संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय क्रिस्टा के निर्देश पर शिक्षिका स्वेता त्रिवेदी के नेतृत्व में भंडारे में पहुंची स्काउट गाइड की टीम के दो दर्जन छात्रों व आयोजकों ने प्रसाद बांटा। आयोजकों में विवेक गुप्ता, अनुराग गुप्ता, बौव्वा गुप्ता व अभिषेक ने भी प्रसाद वितरण किया। वहीं संत फ्रांसिस की स्काउट गाइड टीम से आराध्य तिवारी, पुलिंद शर्मा, प्रतीक त्रिवेदी, अर्पित, अनन्य पाल, विनायक सोनी, लक्ष्मी यादव अ अन्य शामिल रहे।

### नया एडमिशन लेने वाले बच्चों का चॉकलेट से किया स्वागत





निगोहां-लखनऊ (एसएनबी)। नए सत्र के शुभारंभ के दूसरे दिन बुधवार को निगोहां कस्बे के संत फ्रांसिस इण्टर कॉलेज मे न्यू एडमिशन कराकर पहुंचे नन्हे मुन्हें बच्चो को कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय क्रास्ता द्वारा उन्हे गुब्बारे व टॉफी चॉकलेट देकर उस्वागत किया।

बता दे कि नए सत्र की शुरुआत मंगलवार से हो गई है वही बच्चो के 3 वर्ष पूर्ण होने के बाद अभिभावको को अपने बच्चो की शिक्षा के लिए अच्छे से अच्छे स्कूल की खोज मे लगे हुए है वही निगोहां कस्बे में स्कूल एडमिशन के लिए अभिभावको का तांता देखा गया बुधवार को आये नए एडमिशन सहित स्कूल पहुंचे पूर्व बच्चो का प्रधानाचार्य विजय क्रास्ता द्वारा गेट पर ही उन्हे गुब्बारे व टॉफी चॉकलेट देकर उनका स्वागत किया गया और उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। इस दौरान बच्चो मे खुशी की लहर देखी गई। इस मौके पर कॉलेज के शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

**प्रावि अलीनगर-खुर्द मे स्वागत व विदाई समारोह** : सरोजनीनगर के बिजनौर स्थित प्राथमिक विद्यालय अलीनगर खुर्द मे बुधवार को बच्चो का विदाई समारोह और नए बच्चों का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कक्षा 5 के बच्चो को बैग, स्टेशनरी और रिपोर्ट कार्ड देकर विदा किया गया। जबकि नए बच्चो का स्टेशनरी और नई किताबे देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे स्कूल की शिक्षिका रीना त्रिपाठी ने कक्षा पांच के उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थियो को अगली कक्षा मे प्रवेश की शुभकामनाएं देते हुए बैग व स्टेशनरी प्रदान की। जिस प्रकार बच्चे काफी खुश हुए। वही कक्षा चार और पांच के बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम मे बच्चो ने लघु नाटिका और चुटकुले भी सुनाए। इसके अलावा कक्षा 5 के बच्चो के लिए विदाई के भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम मे अध्यापको ने बच्चो को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया और भविष्य मे किसी भी प्रकार की पढ़ाई मे दिक्कत आने पर उनसे संपर्क करने को कहा। शिक्षिका रीना त्रिपाठी ने बताया कि वह समय-समय पर गरीब और असहाय बच्चो की पूरी फीस देकर अन्य विद्यालय मे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। उन्होंने कहा कि यदि सरकारी स्कूल मे कोई मेधावी बच्चा नही जाना चाहता है, तो वह उसकी पूरी पढ़ाई का खर्च भी उठाती है। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका आभा शुक्ला और शिक्षिका रीना त्रिपाठी के अलावा नसीम सेहर, सरिता देवी व सतीश कुमार सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ भी मौजूद रहा।

### नए सत्र के शुभारंभ में नन्हें मुंन्हे बच्चों का स्वागत

तरुण प्रवाह लखनऊ। निगोहां कस्बे के संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज नए सत्र के शुभारंभ में मंगलवार को स्कूल पहुंचे नंन्हे मुंन्हे बच्चों को टॉफी और गुब्बारे देकर उनका स्वागत किया गया। वहीं नए सत्र का उद्घ्घाटन करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे श्रीसत्यनारायण इण्टर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ० बी सी शुक्ला ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए सर्व धर्म समभाव की भावना को ध्यान में रखते हुए विभिन्न धर्मों की आयते व उपदेश पढे। प्रधानाचार्य विजय क्रास्ता द्वारा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रार्थना की गई तथा मुख्य अतिथि बी सी शुक्ला ने प्रेरक व जागरूक भाषण देकर बच्चों को प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य विजय क्रास्ता ने मुख्य अतिथि को विद्यालय प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र अभय कांत दीक्षित, अंशुल निवेदी, पत्रकार जय शुक्ला, मोईन खान व प्रशान्त निवेदी उपस्थित रहें।



### प्रिमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में संत फ्रांसिस कॉलेज ने दर्ज की जीत

निगोहां। निगोहां कस्बे में स्थित एसएनटी मैदान में चल रहे निगोहां प्रिमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन दो लीग मैच हुए जिसमे पहला मैच महावीर इलेवन स्टार लवल और संत फ्रांसिस इंटर कालेज के बीच हुआ। इसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए संत फ्रांसिस इंटर कालेज ने 15 ओवर में 9 विकेट खोकर 170 रनों के स्कोर खड़ा किया। वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी महावीर इलेवन स्टार की टीम 12 ओवर मे 60 रन वनाकर ऑल आउट हो गई। वही दूसरा लीग मैच राजा 11 स्टार पुरहिया और ब्लैक मांवा वछरावां रायबरेली की टीम के बीच हुआ जिसमें ब्लैक मांवा वछरावां की टीम ने 15 ओवरों में अपने 8 विकेट खोकर 138 रनों के लक्ष्य रखा। वही राजा इलेवन स्टार की टीम 14 ओवर में 89 रन वनाकर आल आउट हो गई। वही मैच में पहुंचे संत फ्रांसिस के प्रधानचार्य विजय क्रास्ता को आयोजक शैलेंद्र सिंह दीपू द्वारा अंग वस्त्र और मोमेंटो भेंट कर उनको सम्मानित किया।



### बच्चों की प्रतिभा ने सबका मन मोह लिया



**निगोहां (लखनऊ)।** निगोहां कस्बे में स्थित संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज वार्षिक उत्सव मनाया गया इस अवसर पर पीटी एवं स्पोर्ट डिस्प्ले का आयोजन हुआ जिसमे कई कॉलेज के छात्र -छात्राओ हिस्सा लिया। जिसमें नर्सरी केजी के नंन्हे -मुंन्हे बच्चो से लेकर इण्टर तक के छात्र- छात्राओ ने अपनी प्रतिभा से सबका मन मोह लिया। साथ ही साथ वर्ष 2023-24 के हाईस्कूल और इण्टर के मेधावी छात्र छात्राओ को समानित किया गया। शनिवार को हुए इस कार्यक्रम में संत फ्रांसिस इण्टर कॉलजे के साथ निगोहां के सत्य नारायण तिवारी इण्टर कॉलेज, रघुनाथ खेडा का ,एस. बी.एन. इण्टर कॉलेज, मोहनलालगंज का संत पीटर्स इण्टर कॉलेज व संत जुड इण्टर कॉलेज के छात्र - छात्राओ ने पीटी डिस्प्ले,और स्पोर्ट अन्तर्विद्यालयी रिले रेस भी हुई। वहीं रेस में छात्र और छात्रों में संत फ्रांसिस अव्वल रही जिन्हें मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय प्रबंधक फादर क्लिफोर्ड लोबो तथा प्रधानचार्य फादर विजय क्रास्ता ने विद्यालय ध्वज आरोहण कर के किया। इस अवसर पर मख्य अतिथि के रूप में समस्त अभिभावक के साथ पूर्व छात्र, अध्यापक, समाजसेवी मौजूद थे।

### संत फ्रांसिस इण्टर कॉलेज में नव निर्वाचित छात्र परिषद का गठन



**वैचारिक तूफान,संवाददाता।**

निगोहां। निगोहां कस्बे के संत फ्रांसिस इण्टर कॉलेज, में इन्वेस्टिचर सेरेमनी मनाई गई। जिसमें शैक्षणिक सत्र 2025 व 26 हेतु नव निर्वाचित छात्र परिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राजकीय हाईस्कूल मस्तीपुर की प्रधानाचार्या- श्रीमती आकाँक्षा पाठक व सहायक अध्यापक धर्मेन्द्र बहादुर सिंह उपस्थित हुए प्रधानाचार्य विजय क्रास्ता व मुख्य अध्यापिका. सिंस्टर सुजैन द्वारा मुख्य अतिथियों का पौधे देकर उनका स्वागत किया गया । उपस्थित अतिथिगण द्वारा नव निर्वाचित छात्र परिषदों को बैचेस, सेश व ध्वज प्रदान किए गए हेड ब्वाय- बृजेन्द्र त्रिपाठी व हेड गर्ल-श्रेया बाजपेई द्वारा सभी नव निर्वाचित छात्र परिषदों को शपथ ग्रहण करवाई गई, कि वे सदैव विद्यालय के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहेगें व अनुशासन व्यवस्था में पूर्ण सहयोग देंगे। मुख्य अतिथि गण के प्रेरक भाषन से कार्यक्रम का समापन हुआ, विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। श्रीमती आकांक्षा पाठक जी ने स्वलिखित मानचित्र अभ्यास कार्य पुस्तिका प्रधानाचार्य विजय क्रास्ता को भेंट की।

आजमगढ़/बहराईच 4

### निगोहां में भव्य भंडारे का आयोजन

अवनीश पाण्डेय, अवध 24



**निगोहां।** लखनऊ ,शनिवार को निगोहां कस्बे में स्थित आरजी होटल प्रांगण में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में राहगीरों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन को सफल बनाया। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समर्पण का भी प्रतीक बना, जिसमें विशेष योगदान सेंट फ्रांसिस इंटर कालेज की स्काउट-गाइड टीम ने दिया।कार्यक्रम का नेतृत्व सेंट फ्रांसिस इंटर कॉलेज की शिक्षिका श्रीमती स्वेता त्रिवेदी ने किया, जिन्हें विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विजय क्रिस्टा का मार्गदर्शन प्राप्त था। उनकी अगुवाई में दो दर्जन से अधिक स्काउट-गाइड सदस्यों ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर प्रसाद वितरण में अपनी सहभागिता निभाई। यह श्रमदान विद्यार्थियों में सेवा भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जाग्रत करने का एक सराहनीय प्रयास रहा।भंडारे में राहगीरों और स्थानीय लोगों को पूड़ी, सब्जी, छोला-चावल, खीर सहित कई स्वादिष्ट व्यंजनों का वितरण किया गया। लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों से गुजरने वाले यात्रियों ने इस भंडारे का भरपूर लाभ उठाया और आयोजकों के इस सेवा भाव की प्रशंसा की।आयोजन समिति में विवेक गुप्ता, अनुराग गुप्ता, बौव्वा गुप्ता और अभिषेक ने सक्रिय भूमिका निभाई। इन सभी ने प्रसाद वितरण की व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने में विशेष प्रयास किया।सेंट फ्रांसिस की स्काउट-गाइड टीम में आराध्य तिवारी, पुलिंद शर्मा, प्रतीक त्रिवेदी, अर्पित, अनन्य पाल, विनायक सोनी, उत्कर्ष, आयुष प्रजापति, दिव्यांश द्विवेदी, श्रुति चौधरी, दीक्षा सिंह, परी सिंह, माविया, शिफा, अंशिका शर्मा एवं लक्ष्मी यादव जैसे छात्र-छात्राओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही।कार्यक्रम के मुख्य संयोजक विवेक गुप्ता ने बताया कि यह भंडारा जेष्ठ माह के पावन अवसर पर श्रद्धा व जनसेवा की भावना से आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि "सेवा ही धर्म है" की भावना को आत्मसात करते हुए यह आयोजन किया गया, जिसमें स्काउट-गाइड टीम का श्रमदान विशेष रूप से प्रेरणादायी रहा। समाज सेवा, श्रद्धा और युवा शक्ति के सामूहिक प्रयास का यह आयोजन एक अनुकरणीय मिसाल बनकर सामने आया।

### वार्षिकोत्सव में हुआ स्पोटर्स, पीटी डिस्प्ले

■ एनबीटी, निगोहां: निगोहां कस्बे में स्थित संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज ने शनिवार को अपना वार्षिक उत्सव मनाया। इस अवसर पर पीटी एवं स्पोटर्स डिस्प्ले का आयोजन हुआ, जिसमें कई कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में 2023-24 के हाईस्कूल और इंटर के मेधावियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में फादर क्लिफोर्ड लोबो, फादर विजय क्रास्ता के अलावा अभिभावक के साथ पूर्व छात्र, अध्यापक उपस्थित रहे।



### फटाफट खबरें

#### प्रधानाचार्य ने बच्चों को गुब्बारे, चॉकलेट दिए

■ NBT न्यूज, निगोहां: नए सत्र के शुभारंभ के दूसरे दिन बुधवार को निगोहां कस्बे के संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज में न्यू एडमिशन लेने वाले बच्चों को प्रधानाचार्य विजय क्रास्ता ने गुब्बारे व टॉफी-चॉकलेट देकर स्वागत किया। साथ ही उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। टॉफी-चॉकलेट पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए। मौके पर कॉलेज के शिक्षकों सहित अभिभावक मौजूद रहे।



### भंडारे में स्काउट गाइड टीम ने बांटा प्रसाद

**लखनऊ ( डीएनएन )।** निगोहां कस्बे में आरजी होटल के सहयोग से शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सन्त फ्रांसिस इंटर कॉलेज के स्काउट गाइड टीम के दो दर्जन छात्रा ने पहुंचकर राहगीरों को प्रसाद वितरित किया। भंडारे का आयोजन विवेक गुप्ता, अनुराग गुप्ता, बउवा गुप्ता, व अभिषेक के द्वारा किया गया। स्काउट गाइड टीम के आराध्य तिवारी, पुलिंद शर्मा, प्रतीक त्रिवेदी, अर्पित, अनन्य पाल, विनायक सोनी, उत्कर्ष, आयुष प्रजापति , दिव्यांश द्विवेदी, श्रुति चौधरी , दीक्षा सिंह, परी सिंह, माविया, शिफा, अंशिका शर्मा, लक्ष्मी यादव ने प्रसाद का वितरण किया।

